कुल प्रश्नों की संख्या : 28
Total No. of Questions: 28

कुल पृष्ठों की संख्या : 08
Total No. of Pages: 08

# हायर सेकेण्डरी परीक्षा, दिसम्बर – 2019

# 301

## विषय : हिन्दी

## Subject: HINDI

समय : 03 घण्टे
Time: 03 Hours

पूर्णांक : 100
Maximum Marks: 100

---

*निर्देशः–*

*(i)* *प्रश्नपत्र में खण्ड–"क", "ख", "ग", "घ" हैं, जिनमें से खण्ड "क" तथा खण्ड "घ" अनिवार्य हैं। खण्ड "ख" और खण्ड "ग" में से कोई एक खण्ड हल कीजिये।*

*(ii)* *प्रश्न 1 से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिये 1X5=5 अंक निर्धारित हैं।*

*(iii)* *दो–दो अंकों वाले प्रश्नों की अधिकतम शब्द सीमा 20 शब्द है।*

*(iv)* *तीन–तीन अंकों वाले प्रश्नों की अधिकतम शब्द सीमा 40 शब्द है।*

*(v)* *लगभग सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(vi)* *सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।*

mpcareer.in

## खण्ड–"क" अनिवार्य

प्र.1 रिक्त स्थानों की पूर्ति दिये गये विकल्प के आधार पर कीजिए – (5X1=5)

(अ) कविता का ........................................ पाठ किया जाना चाहिए।

(सस्वर, मौन, रुक रुक कर)

(ब) प्राण रक्षा के लिए उत्तम से उत्तम वस्तु ................................ है।

(दवा, हवा, चित्त को प्रसन्न रखना)

(स) सारांश में ................................................ बातें शामिल होती हैं।

(उपयोगी, अनुपयोगी, कार्यालयीन)

(द) समय का सदुपयोग सबसे बड़ी .......................................... है।

(मूर्खता, मूढ़ता, समझदारी)

(इ) अंजरी ........................................................................ शब्द है।

(तत्सम, तद्भव, देशज)

प्र.2 निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प चयन कर लिखिए– (5X1=5)

(अ) "अपने ही ख्यालों में दिन रात रहना" का अर्थ है –

(क) कल्पना में विचरण करना।

(ख) सदैव अपना ध्यान रखना।

(ग) स्वार्थी होना।

(घ) दिन – रात देखते रहना।

(ब) कालिदास ने मेघों को कौन – सा पुष्प भेंट में दिया –

(क) नीलकमल

(ख) कुट्ज

(ग) अरविन्द

(घ) चंपक

mpcareer.in

(स) "मौन मधु हो जाए" कथन का आशय है –

(क) मौन होकर मधु पिया जाए।

(ख) मौन और मधु दोनों मीठे होते हैं।

(ग) मौन बैठे रहने में बड़ा लाभ है।

(घ) मौन मधु–सा आनंद दे सके।

(द) रावण और हिरण्यकश्यप की हार हुई क्योंकि वे –

(क) शक्तिहीन थे।

(ख) कुछ अधिक ही बुद्धिमान थे।

(ग) जिद्दी और अत्यधिक आत्मविश्वासी थे।

(घ) परिस्थितियों से लड़ नहीं पाए।

(इ) चकोर चाँद को क्यों देखता रहता है?

(क) चाँद सुंदर लगता है।

(ख) चाँदनी रात में ही उसका चकोरी से मिलन होता है।

(ग) चाँद की चाँदनी से शीतलता मिलती है।

(घ) चाँद से उसे सुख मिलता है।

प्र.3 सही जोड़ी बनाकर लिखिये – **(5X1=5)**

| | **(क)** | | **(ख)** |
|---|---|---|---|
| (अ) | राम भक्ति शाखा | (i) | रत्नाकर |
| (ब) | तुम्हारा नाम क्या है? | (ii) | हरिशंकर परसाई |
| (स) | समुद्र | (iii) | तलैया |
| (द) | "पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ | (iv) | प्रश्नवाचक वाक्य |
| (इ) | "सरसी" | (v) | तुलसीदास |
| | | (vi) | नदी |
| | | (vii) | भूधर |

mpcareer.in

प्र.4 निम्नलिखित वाक्यों के लिये सत्य/असत्य का चयन कीजिये– (5X1=5)

(अ) कुशल निबंध लेखक कागज पर रूपरेखा बनाए बिना भी निबंध लिख सकता है।

(ब) नए तथा विविध शब्दों के प्रयोग से पत्र में सरलता उत्पन्न होती है।

(स) देवकीनंदन खत्री रीतिकालीन युग के साहित्यकार थे।

(द) अलिया का अर्थ है सखी।

(इ) सारांश अन्य पुरुष शैली में होना चाहिए।

प्र.5 रैदास ने अपनी बुद्धि को चंचल क्यों कहा है? (2)

अथवा

मीराबाई की रचनायें किस संप्रदाय से जुड़ी हुई थीं?

प्र.6 कवि रैदास ईश्वर से प्रेम न कर पाने में अपने आप को असमर्थ क्यों पा रहे हैं? (2)

अथवा

लंका – दहन का वर्णन अपने शब्दों में लिखिये।

प्र.7 हँसी को एक कला क्यों माना है? (2)

अथवा

तानाशाही क्या होती है? अपने शब्दों में लिखिये।

प्र.8 अरुणा देर रात हॉस्टल में कहाँ से लौटी थी? (2)

अथवा

देश की उन्नति कैसे हो सकती है?

प्र.9 "आवश्यकता आविष्कार की जननी है" कथन का भाव पल्लवन कीजिये। (2)

अथवा

मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कर लिखिये –

(i) आँख दिखाना

(ii) कमर कसना

प्र.10 शब्द चयन से क्या अभिप्राय है? (2)

अथवा

सार – संक्षेपण किसे कहते हैं? लिखिये।



mpcareer.in

प्र.11 महादेवी वर्मा की कोई दो रचनायें लिखिये। (2)

**अथवा**

परंपरा के लुप्त होने से क्या हानियाँ हैं?

प्र.12 "लहर – लहर लहरिया लहर" में कौन सा अलंकार है, और क्यों? (2)

**अथवा**

कवि मुक्तिबोध ने चौराहे को अच्छा क्यों माना है? लिखिये।

प्र.13 भक्तिकाल किसे कहते हैं? इसे कविता का स्वर्ण युग क्यों कहा गया है? लिखिये। (4)

**अथवा**

कविता का कलापक्ष क्या होता है? यह भावपक्ष से किस प्रकार भिन्न है?

प्र.14 गोपिका की आँखों से क्या बाहर निकल गया और क्या नेत्रों के अन्दर रह गया? (4)

**अथवा**

दीपक और फूल दोनों ही परोपकार रत हैं, परंतु उनके स्वभाव में कौन–सा परिवर्तन संभव नहीं है?

प्र.15 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या लिखिये – (4)

"जो रहीम ओछो बढ़ै,
तौ अति ही इतराय।
प्यादे सों फरजी भयो,
टेढ़ो टेढ़ो जाय।"

**अथवा**

"कोई न छायादार, पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार, श्याम तन, भर बँधा यौवन, नत नयन, प्रिय–कर्म–रत–मन, गुरु हथौड़ा हाथ, करती बार – बार प्रहार।"

प्र.16 शिक्षा और साक्षरता के प्रसार के लिए क्या उपाय किए जाने चाहिए? (4)

**अथवा**

पश्चिमी क्षितिज पर अस्त होते सूर्य का वर्णन अपने शब्दों में लिखिये।



mpcareer.in

प्र.17 निम्नलिखित अनुच्छेद का सार संक्षेपण तथा शीर्षक लिखिये – (4)

"मनुष्य समाज का वर्णन सभी देशों के शास्त्रकारों ने विराट पुरुष के रूप में किया है? उन्होंने दर्शाया है कि जिस प्रकार सारे शरीर की स्थिरता, समृद्धि, उन्नति के लिए प्रत्येक अंग का निर्धारित काम करते जाना आवश्यक है, उसी प्रकार भिन्न–भिन्न अंगों का भी अपना–अपना कर्तव्य पालन करते रहना समाज के जीवन को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। वे बताते हैं कि एक अंग की हानि होने से सबकी हानि होती है।"

**अथवा**

शीर्षक से आप क्या समझते हैं? इसका चयन किस प्रकार करना चाहिये? लिखिये।

प्र.18 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या लिखिये – (4)

"उसने एक हाथ से अपना पेट भरा, दूसरे हाथ से उन्नति की राह के काँटों को साफ किया। किसी देश में भी सभी पेट भरे हुए नहीं होते।"

**अथवा**

"दो टूक बात यों कि जीवन वह है जो समय पर हिल भी सकता है और समय पर झुके भी, पर ठूँठ जो अड़ ही सकता है, झुक नहीं सकता।"

**खण्ड–"ख" वैकल्पिक**

प्र.19 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिये – (5×1=5)

(क) सरकारी तंत्र में निर्णय कौन लेता है?

(ख) भाषा को व्यक्ति निरपेक्ष बनाने के लिए क्या किया जाता है?

(ग) समाचार पत्र में छपने वाली प्रत्येक शब्द की जिम्मेदारी किसकी होती है?

(घ) कार्यालयीन हिन्दी में कौन से वाक्यों का प्रयोग अधिक होता है?

(ङ) समाचार प्रसारण का सबसे सशक्त माध्यम कौनसा है?

प्र.20 पृष्ठांकन से क्या तात्पर्य है? (2)

**अथवा**

टिप्पणी की भाषा कैसी होनी चाहिये?

प्र.21 भारत में किस भाषा को राष्ट्रभाषा माना गया है और क्यों? (2)

**अथवा**

संविधान की आठवी अनुसूची में भारत की कौन–कौन सी भाषाएँ मान्य हैं?

mpcareer.in

प्र.22 हिन्दी की प्रयुक्ति से क्या तात्पर्य है? (2)

अथवा

शासकीय पत्रों का स्वरूप कैसा होना चाहिये?

प्र.23 रिपोर्ट का सार लिखते समय किन – किन बिंदूओं पर ध्यान देना चाहिये? (3)

अथवा

सार – लेखन से कार्यालयी कार्य निपटाने में क्या सुविधाएँ होती हैं?

प्र.24 कार्यालय आदेश का प्रयोग किस प्रयोजन से होता है? (3)

अथवा

सरकारी पत्राचार की भाषा की क्या विशेषता है?

प्र.25 कार्यालय में सार – लेखन की आवश्यकता क्यों होती है? (3)

अथवा

टिप्पणी लेखन कितने प्रकार के होते हैं?

## खण्ड–"ग" वैकल्पिक

प्र.19 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिये – (5X1=5)

(क) समाचारों के साथ चित्र क्यों दिये जाते हैं?

(ख) कार्टून का उद्‌देश्य क्या है?

(ग) फैक्स में संवाद किस प्रकार पहुँचाया जाता है?

(घ) रेडियो, समाचार पत्र की तुलना में कम असरदार क्यों होता है?

(ङ) पहली बार ओलंपिक खेलों का प्रसारण किसके माध्यम से हुआ था?

प्र.20 "चौथी दुनिया" से क्या तात्पर्य है? (2)

अथवा

संचार की क्या प्रक्रिया होती है?

प्र.21 भारत की मुख्य समाचार एजेंसियों के नाम लिखिये। (2)

अथवा

"समाचार के मुख्य स्त्रोत" लिखिये।

प्र.22 संपादक मंडल के सदस्य कौन – कौन होते हैं? (2)

अथवा

प्रेस विज्ञापन क्या है? लिखिये।



mpcareer.in

प्र.23 संचार क्रांति के लाभ लिखिये। (3)

अथवा

उपग्रह की कार्यपद्धति तथा उसके लाभों का विश्लेषण कर लिखिये।

प्र.24 संचार माध्यम में अनुवाद की आवश्यकता क्यों पड़ती है? (3)

अथवा

एक समाचार वाचक में क्या – क्या गुण होने चाहिये?

प्र.25 फीचर कैसे प्रस्तुत किया जाता है? लिखिये। (3)

अथवा

विज्ञापन को उचित परिभाषा द्वारा समझाइये।

## खण्ड –"घ" अनिवार्य

प्र.26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिये – (2+3=5)

"भारत के हिमालय में प्रकृति का अनंत सौन्दर्य दर्शनीय है। सूर्य की किरणें प्रातःकाल एवं सायंकाल इसके सौन्दर्य में वृद्धि करती हैं। ऐसा लगता है मानो पूर्णिमा का चाँद चाँदी की चादर बिछा देता है। झरनों की कल – कल सारे वातावरण को गुंजायमान कर देती है। हिमालय पर्वत पर ऐसा आकर्षक दृश्य इस पर्वत को रमणीय बना देता है।"

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिये।

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश 15 शब्दों में लिखिये।

प्र.27 अपने बड़े भाई को एक पत्र लिखिये, जिसमें अपनी पढ़ाई के बारे में बताइये। पढ़ाई में आने वाली कठिनाईयों के बारे में मार्गदर्शन माँगिये। (5)

अथवा

अपने क्षेत्र में व्याप्त गंदगी की सफाई के लिए आयुक्त, नगर निगम को एक पत्र लिखिये।

प्र.28 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 200 शब्दों का निबंध रूपरेखा बनाकर लिखिये– (3+7=10)

(i) कम्प्यूटर – आज की आवश्यकता

(ii) पर्यावरण प्रदूषण समस्या एवं निदान

(iii) जीवन में परिश्रम का महत्व

(iv) भ्रष्टाचार और गिरते सांस्कृतिक मूल्य

(v) यात्रा का वर्णन

---



mpcareer.in